पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार
****
‘हर काम देश के नाम’

नई दिल्लीः आश्विन 29,1944
शुक्रवारः 21 अक्तूबर 2022

सैन्य कार्य विभाग स्वच्छता विशेष अभियान 2.0 के फास्ट ट्रैक पर 2,657 अभियान स्थलों की सफाई की गई; 363 रूल्स सरलीकृत

रक्षा मंत्रालय का सैन्य कार्य विभाग (डीएमए) स्वच्छता विशेष अभियान 2.0 के संबंध में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब तक 2,657 अभियान स्थलों पर स्वच्छता अभियान आयोजित किए गए हैं और 363 रूल्स को सरल बनाया गया। भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों में 02 अक्टूबर 2022 से 31 अक्तूबर 2022 के बीच चलाए जा रहे विशेष अभियान 2.0 के पहले दो सप्ताह में 800 लोक शिकायतों, 67 एमपी/राज्य संदर्भों और 20 प्रधानमंत्री कार्यालय संदर्भों का निपटान किया गया है।

यह अभियान थल सेना, नौसेना और वायु सेना द्वारा देश भर में विभिन्न स्थानों पर चलाया जा रहा है। तीनों सेनाओं के अधीनस्थ संगठन और क्षेत्रीय फॉरमेशन अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। विशेष अभियान 2.0 के सभी मापदंडों जैसे जन शिकायतों का निपटान, चिन्हित अभियान स्थलों पर स्वच्छता अभियान का संचालन, रद्दी माल का निपटान आदि को अधिकतम सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से अनुसरण किया जा रहा है।

त्रिशक्ति कोर ने पूर्वी कमान में रेतीखोला नदी में स्वच्छता अभियान चलाया।

तिरुवनंतपुरम मिलिट्री स्टेशन के कार्मिकों ने तटीय जीवन के लिए स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने हेतु कोचुवेली बीच पर समुद्र तट की सफाई की।

भारतीय वायु सेना की यूनिटों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया।

BEFORE

AFTER

एबीबी/डीएस